Title: Need to set up a station of All India Radio at Seoni, Madhya Pradesh. − Laid.

श्रीमती नीता पटैरिया (सिवनी) : अध्यक्ष महोदय, जिला सिवनी, मध्य प्रदेश जो कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, वहां की अलग संस्कृति है एवं कला है, लेकिन ग्रामीण आदिवासी कलाकारों की प्रतिभा उचित मंच न मिलने के कारण उभर नहीं पाती है। न ही उस कला से अन्य क्षेत्र के लोग परिचित हो पाते हैं। अतः सिवनी जिला सिवनी में आकाशवाणी केन्द्र स्थापित किया जाये ताकि कलाकारों को अपनी प्रतिभा अन्य क्षेत्रों तक पहुंचाने में मदद मिल सके तथा ग्रामीण क्षेत्र में छुपी प्र ातिभाओं को प्रदर्शित करने का मौका मिल सके।